# भारत की तरफ पूरी दुनिया देख रही है : डॉ . मोहन यादव

- जन्मदिन पर मुख्यमंत्री का उज्जैन में अभिनंदन
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवन आकाशवाणी से किया संबोधित




नवभारत न्यूज

**उज्जैन. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉमहन यादव बुधवार शाम महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे ,जन्मदिन पर नेता कार्यकर्ताओं से लेकर अफसरो ने हेलीपैड पर सीएम का स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने आकाशवाणी केंद्र पहुंचकर प्रदेश के नाम संबोधन भी दिया.**

विद्यापति नगर नानाखेड़ा क्षेत्र में आकाशवाणी केंद्र का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कुछ माह पूर्व किया था. सीएम डॉ यादव ने आकाशवाणी से प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा भारत तरक्की कर रहा है और मध्य प्रदेश को तो विकास के पंख लगा चुके हैं. विक्रम संवत् 2083 का शुभारंभ हो चुका है और हमने किसान कल्याण वर्ष भी घोषित किया है. ऐसे में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका में है और देश में मध्य प्रदेश विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहा है. यही समय है, सही समय है जब हमारे भारत देश की तरफ पूरी दुनिया देख रही है.

**प्रेस क्लब का नया भवन बनेगा**- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में पहुंचकर सभी को बधाई दी, उज्जैन के पत्रकारों ने भी सीएम को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी. सीएम ने मंच से घोषणा की जिसमें उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब का नया भवन नई टेक्नोलॉजी और सभी संसाधनों से लैस निर्मित किया जाए और मध्य प्रदेश सरकार भी पूरी मदद करेगी. इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाड़ा और कोषाध्यक्ष भूपेंद्र भूतड़ा समेत सभी पत्रकारों ने भी सीएम का स्वागत किया.

## सबसे बेहतर होगा इस बार का महाकुंभ

महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 भी आने वाला है ऐसे में विकास कार्य निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर चल रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सिक्स लेन, एयरपोर्ट मेट्रो, रोपवे, मेडिकल कॉलेज, आईटी पार्क, विक्रम उद्योगपुरी, यूनिटी मॉल आंतरिक सड़कें, कई सारे पुल से लगाकर कई विशेष सौगात महाकुंभ के मद्देनजर उज्जैन को मिल रही है. यह हम सब का सौभाग्य है कि 30 करोड़ श्रद्धालु आएंगे. साधु संत आएंगे. उनके लिए उज्जैन तैयार हो रहा है और इसका पूरा लाभ यहां के स्थानीय रवासियों को मिलेगा.

**जन्मदिन पर नागरिक अभिनंदन** -मुख्यमंत्री डॉक. मोहन यादव का जन्मदिन 25 मार्च को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया. जबलपुर से लेकर इंदौर तक होते हुए जब सीएम उज्जैन पहुंचे तो यहां पर हेलीपैड पर सीएम डॉक्टर यादव का नेताओं, भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और अफसरो ने स्वागत किया. इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कालिदास अकादमी मुख्य कार्यक्रम में पहुंचे. जहां पर दिल से कहो अपने मोहन जी है ना नामक जो स्वास्थ्य शिविर पिछले 100 दिन से चल रहा था इसका समापन किया. सीएम ने यहां पर उन मरीजों से भी भेंट की और उनके साथ संवाद करते हुए स्वल्पाहार किया जिन्होंने शिविर का लाभ लेते हुए स्वयं को स्वस्थ किया है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संकेत दिए कि इस प्रकार की नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी. उसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रेस क्लब पर होली मिलन समारोह में पहुंचे.

# चीतों की पुनर्बसाहट का नया बसेरा बनेगा बुंदेलखंड

- वन्य जीव संरक्षण के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

**सागर, 25 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर प्रदेश के वन्यजीव प्रेमियों और बुंदेलखंड वासियों को एक ऐतिहासिक उपहार दिया है.**

मुख्यमंत्री ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों के पुनर्वास की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सॉफ्ट रिलीज बोमा का विधि-विधान से भूमि पूजन किया. कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को चीतों के घर के रूप में विकसित किया जा रहा है. सॉफ्ट रिलीज बोमा तकनीक के तहत चीतों को नए परिवेश में ढालने के लिए एक बड़े क्षेत्र में विशेष बाड़े (बोमा) तैयार किए जाते हैं, जहाँ उन्हें शुरुआती निगरानी में रखा जाता है. मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह परियोजना न केवल वन्यजीव संरक्षण को मजबूती देगी, बल्कि बुंदेलखंड में इको-टूरिज्म और रोजगार के नए द्वार भी खोलेगी.



### घास के मैदान चीतों के लिए बेहद अनुकूल

विशेषज्ञों के अनुसार, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का घनत्व और यहाँ के घास के मैदान चीतों के लिए बेहद अनुकूल हैं . मुख्यमंत्री ने कहा कि कूनो के बाद अब वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व चीतों की अठखेलियों का नया केंद्र बनेगा . उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार केवल थलचर ही नहीं, बल्कि नभचर और जलचर जीवों के संरक्षण की दिशा में भी मिशन मोड पर कार्य कर रही है . उन्होंने कहा, कि जंगल की असली खूबसूरती वहाँ के जानवरों से ही होती है . यह कदम न केवल बुंदेलखंड के प्राकृतिक संतुलन और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा बल्कि यहां रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा . भूमिपूजन के अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी मौजूद रहे .श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, प्रधान सचिव, वन विभाग, मध्यप्रदेश संदीप यादव, वन बल प्रमुख शुभरंजन सिंह सेन, संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, पुलिस उपमहानिरीक्षक सचिंद्रनाथ चौहान, कलेक्टर संदीप जी आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, मुख्य वन संरक्षक दीपू दमन सिंह भदौरिया, डीएफओ रजनीश सिंह एवं वरुण यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी मौजूद रहे .

# कहीं बारिश तो कहीं 38° डिग्री पार गर्मी

## कल आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल , 25 मार्च. मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम दो अलग-अलग रूप में देखने को मिल रहा है, जिससे लोगों को राहत और परेशानी दोनों का सामना करना पड़ रहा है.**



प्रदेश के पूर्वी जिलों में जहां बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश का दौर जारी है, वहीं पश्चिमी और मध्य हिस्सों में तेज धूप और बढ़ती गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है. कई शहरों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे दोपहर के समय बाहर निकलना मुश्किल हो गया है.

मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव के पीछे चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन का सक्रिय होना मुख्य कारण है. इसी वजह से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग मौसम देखने को मिल रहा है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह स्थिति फिलहाल एक-दो दिन और बनी रह सकती है, जिसके बाद मौसम में फिर बदलाव आएगा. विभाग ने 27 और 28 मार्च को आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है. 26 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में देखने को मिल सकता है. इसके बाद 28 मार्च को एक और मौसम प्रणाली सक्रिय होने की संभावना जताई गई है, जिससे बारिश और तेज हवाओं का असर बढ़ सकता है.

# संभाग में पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

- संभागायुक्त बोले... सोशल मीडिया के झूठे मैसेज और अफवाहों पर ध्यान न दें

नव भारत न्यूज

**इंदौर. संभागायुक्त ने बुधवार को पेट्रोल डीजल को लेकर संभाग के सभी कलेक्टर्स और तेल कंपनी अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में आयुक्त ने जनता के बीच पेट्रोल डीजल को लेकर उत्पन्न घबराहट के मद्देनजर निरंतर सप्लाई और निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए. साथ ही तेल कंपनियों से वर्तमान स्थिति में पेट्रोल डीजल के स्टॉक की जानकारी ली. आयुक्त ने जनता से आग्रह किया है कि पेट्रोल डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और अफवाहों पर ध्यान नहीं दें.**



संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आज संभाग कार्यालय पर सभी कलेक्टर्स और पेट्रोल डीजल कंपनियों के वितरकों के साथ बैठक की. बैठक में कंपनियों के पास मौजूदा स्टॉक और सप्लाई पर चर्चा की गई. आयुक्त ने जनता द्वारा बनाए पैनिक की स्थिति के चलते जिलों में पेट्रोल डीजल की उपलब्धता निर्बाध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए है. कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आयुक्त से कहा कि उनके पास स्टॉक हमेशा रहता है और आज भी पर्याप्त स्टॉक है. संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्पष्ट किया है कि इंदौर एवं इंदौर संभाग में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है. अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से घबराए नहीं. संभागायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे वाहनों में अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भण्डारण न करें, इसकी कोई आवश्यकता नहीं है.

### रोज प्रशासन को स्टॉक बताएंगी तेल कंपनियां

बैठक में संभागायुक डॉ . खाड़े ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रशासन को रोज स्टॉक की उपलब्धता का डेटा शेयर करेंगे . साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर भी स्टॉक उपलब्ध कराया जाए .




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 मार्च 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. पल्सर के सिंगल सीट वेरिएंट पर ई-कॉमर्स ऑफ़र N160 USD संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफ़र पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road,** MANGALAM BAJAJ 7611115001• **Airport Road** MANGALAM BAJAJ 7611113222, • **Bengali Square** MANGALAM BAJAJ 9752522777, • **Sapna Sangeeta Road** SOJATIA BAJAJ 9827808050, **Vijay Nagar** SOJATIA BAJAJ 8357064113 • **LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan** BHAGIRATH BAJAJ **8878860777 Dewas** MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • **Dhar** RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • **Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 • Jhabua** CHHAJED BAJAJ 9098930166 • **Mhow** BIYANI BAJAJ 07440444425, **Rau** BIYANI BAJAJ 8602344425, **Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ** – 07412-356838 , 9039001891 • **Shujalpur** – Nema BAJAJ **9009151539,7049733995**, 07360-242292 • **Ujjain: Dewas Road** – Mainashree Bajaj 9893625022.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**